# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, (कक्षा-VI)

## हल प्रश्न-पत्र, 2025


(परीक्षा तिथि : 12-04-2025)

## खण्ड-I
## मानसिक योग्यता परीक्षण


### भिन्न आकृति छाँटना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 4 तक)**


प्रत्येक प्रश्न में चार चित्र (A), (B), (C) और (D) दर्शाए गए हैं। इन चार चित्रों में से तीन चित्र किसी विधि से एकसमान हैं, जबकि एक चित्र अन्य से भिन्न है। अन्य से भिन्न चित्र का चयन करें।

1. 


(A) (B) (C) (D)

2. 

(A) (B) (C) (D)

3. 

(A) (B) (C) (D)

4. 


(A) (B) (C) (D)

### आकृति मिलान


**निर्देश (प्रश्न संख्या 5 से 8 तक)**

प्रत्येक प्रश्न में नीचे एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा नीचे (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दिए गए हैं। उत्तर चित्रों में से प्रश्न चित्र के समरूप चित्र को चुनें।

5. प्रश्न चित्र




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

6. प्रश्न चित्र




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

7. प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

8. प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

## आकृति पूरक


**निर्देश (प्रश्न संख्या 9 से 12 तक)**

प्रत्येक प्रश्न में नीचे एक प्रश्न चित्र दिया गया है, जिसका एक भाग लुप्त दर्शाया गया है। नीचे दिए गए उत्तर चित्र (A), (B), (C) और (D) पर गौर करें तथा उस उत्तर चित्र का पता लगाएँ जिसको बिना दिशा परिवर्तन के प्रश्न चित्र के पैटर्न को पूरा करने के लिए प्रश्न चित्र के लुप्त भाग में बिठाया जा सके।

**9. प्रश्न चित्र**




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**10. प्रश्न चित्र**




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**11. प्रश्न चित्र**




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**12. प्रश्न चित्र**



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

## आकृति शृंखला पूर्ण करना


**निर्देश (प्रश्न संख्या 13 से 16 तक)**

प्रत्येक प्रश्न मेतीन प्रश्न चित्र दर्शाए गए हैं तथा चौथे चित्र के लिए स्थान छोड़ा गया है। प्रश्न चित्र श्रेणीक्रम में हैं। श्रेणीक्रम को पूरा करने के लिए नीचे उपलब्ध उत्तर चित्रों में से एक चित्र का चयन करें जिसे बाईं ओर दिए गए प्रश्न चित्र के खाली स्थान में प्रतिस्थापित किया जा सके।

**13. प्रश्न चित्र**




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**14. प्रश्न चित्र**




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**15. प्रश्न चित्र**




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**16. प्रश्न चित्र**



**उत्तर चित्र**




(A) (B) (C) (D)

## समानता


### निर्देश (प्रश्न संख्या 17 से 20 तक)

प्रत्येक प्रश्न में दो प्रश्न चित्रों के दो सेट दिए गए हैं। दूसरे सेट में एक प्रश्न चिह्न (?) है। प्रथम सेट के दो प्रश्न चित्रों में एक निश्चित संबंध है। इसी तरह का संबंध दूसरे सेट के तीसरे तथा चौथे प्रश्न चित्र में भी होना आवश्यक है। उत्तर चित्रों में से उस चित्र का चयन करें जो प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित करेगा।

**17. प्रश्न चित्र**




**उत्तर चित्र**




(A) (B) (C) (D)

**18. प्रश्न चित्र**




**उत्तर चित्र**




(A) (B) (C) (D)

**19. प्रश्न चित्र**




**उत्तर चित्र**




(A) (B) (C) (D)

**20. प्रश्न चित्र**



**उत्तर चित्र**




(A) (B) (C) (D)

## रेखागणितीय चित्र पूरक (त्रिभुज, वर्ग, वृत्त)


### निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 24 तक)

प्रत्येक प्रश्न में, प्रश्न चित्र के रूप में ज्यामितीय चित्र (त्रिभुज, वर्ग, वृत्त) के एक भाग को नीचे दर्शाया गया है तथा नीचे दूसरे भाग को चार उत्तर चित्रों के रूप में (A), (B), (C) और (D) से दर्शाया गया है। नीचे उपलब्ध चित्रों में से ज्यामितीय चित्र को पूर्ण करने वाले चित्र को ज्ञात करें।

**21. प्रश्न चित्र**




**उत्तर चित्र**




(A) (B) (C) (D)

**22. प्रश्न चित्र**




**उत्तर चित्र**




(A) (B) (C) (D)

**23. प्रश्न चित्र**



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**24. प्रश्न चित्र**



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

## दर्पण बिंब


**निर्देश (प्रश्न संख्या 25 से 28 तक)**

प्रत्येक प्रश्न में नीचे प्रश्न चित्र दर्शाया गया है तथा नीचे (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। किसी दर्पण को XY के अनुदिश रखे जाने पर प्रश्न चित्र के सही दर्पण प्रतिबिम्ब को उत्तर चित्रों में से चुनें।

**25. प्रश्न चित्र**





उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**26. प्रश्न चित्र**




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**27. प्रश्न चित्र**





उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

**28. प्रश्न चित्र**




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

## पंच नियन्त्रित आकृति मोड़ना, खोलना


**निर्देश (प्रश्न संख्या 29 से 32 तक)**

प्रत्येक प्रश्न में नीचे प्रश्न चित्र में दर्शाए अनुसार कागज़ के एक टुकड़े को मोड़कर पंच किया गया तथा नीचे (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। कागज़ के टुकड़े की तह को खोलने पर वह जिस प्रकार दिखेगा वैसा ही चित्र उत्तर चित्रों में से चुनें।

**29. प्रश्न चित्र**



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

30. प्रश्न चित्र




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

31. प्रश्न चित्र




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

32. प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

## आकृति निर्माण


### निर्देश (प्रश्न संख्या 33 से 36 तक)

प्रत्येक प्रश्न में प्रश्न चित्र दिया गया है तथा नीचे (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। उत्तर चित्रों में से उस चित्र का चयन करें जिसे प्रश्न चित्र में उपलब्ध कट–आउट टुकड़ों से बनाया जा सकता हो।

33. प्रश्न चित्र




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

34. प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

35. प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

36. प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

## सन्निहित आकृतियाँ


### निर्देश (प्रश्न संख्या 37 से 40 तक)

प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा नीचे (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। उत्तर चित्रों में से उस चित्र को चुनें जिसमें प्रश्न चित्र छिपा/सम्मिलित है।

37. प्रश्न चित्र




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

38. प्रश्न चित्र




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

39. प्रश्न चित्र




उत्तर चित्र




(A) (B) (C) (D)

40. प्रश्न चित्र



उत्तर चित्र



(A) (B) (C) (D)

# खण्ड-II
# अंकगणितीय परीक्षण

## संख्या एवं संख्यात्मक पद्धति

41. 5-अंकों की बड़ी-से-बड़ी तथा छोटी-से-छोटी संख्या जो अंकों 2, 1, 9, 0 तथा 4 के प्रयोग से बनी है, में अन्तर है—

(A) 92961 (B) 81720

(C) 83961 (D) 89000

## पूर्ण संख्या पर चार आधारभूत संक्रियाएँ

42. यदि A = 6 है, तो $\frac{A}{A+4}+\frac{A+2}{12-2}-\frac{3}{10}$ बराबर है—

(A) $\frac{9}{10}$ (B) 1

(C) $\frac{11}{10}$ (D) $\frac{13}{10}$

43. दो संख्याओं का गुणनफल 384 है। यदि एक संख्या 16 है, तो दूसरी संख्या है—

(A) 6 (B) 12

(C) 18 (D) 24

44. $3.5 + 3.05 + 3.005 + 4 \times 3.05$ बराबर है—

(A) 15.575 (B) 15.755

(C) 21.575 (D) 21.755

## गुणनखण्ड और गुणज एवं उनके गुण

45. 36 के कुल गुणनखण्डों की संख्या है—

(A) 8 (B) 9

(C) 6 (D) 18

## दशमलव संख्या की अवधारणा

46. $\frac{248}{13}+\frac{168}{26}+\frac{513}{39}$ बराबर है—

(A) $\frac{530}{13}$ (B) $\frac{503}{13}$

(C) $\frac{611}{13}$ (D) $\frac{539}{13}$

## भिन्नों को दशमलव में और दशमलव को भिन्न के रूप में लिखना

47. दशमलव 0.125 का भिन्नात्मक रूप है—

(A) $\frac{125}{100}$ (B) $\frac{25}{2}$

(C) $\frac{1}{8}$ (D) $\frac{5}{4}$

48. भिन्न $\frac{152}{125}$ का दशमलव रूप है–

(A) 12.16 (B) 1.216
(C) 1.0216 (D) 0.1216

49. 12.0625 के समान भिन्न है–

(A) $\frac{195}{16}$ (B) $\frac{197}{16}$
(C) $\frac{193}{16}$ (D) $\frac{199}{16}$

## संख्यात्मक निरूपण का सरलीकरण

50. $\frac{1}{7}[17 + 36 \times 3 \times 7 - 5 \times 2]$ बराबर है–

(A) 114 (B) 113
(C) 107 (D) 109

## लम्बाई, द्रव्यमान, क्षमता, समय, धन आदि का मापन

51. एक बर्तन में 14.7 लीटर तेल है। इससे 245 mL आयतन की कितनी बोतलें भरी जा सकती हैं?

(A) 50 (B) 60
(C) 65 (D) 70

52. 127 घंटे बराबर हैं–

(A) 3 दिन 14 घंटे (B) 5 दिन 7 घंटे
(C) 6 दिन 1 घंटा (D) 7 दिन 2 घंटे

## लाभ-हानि

53. एक दुकानदार ने कुछ पेंसिलें ₹ 48 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं तथा प्रति पेंसिल ₹ 4.50 की दर से बेचीं। उसका प्रति दर्जन लाभ है–


(A) ₹ 8 (B) ₹ 6
(C) ₹ 6.50 (D) ₹ 8.50

54. एक मोबाइल फोन को ₹ 6,000 में बेचने पर एक दुकानदार इसके क्रय मूल्य का $\frac{3}{5}$ भाग लाभ कमाता है। मोबाइल फोन का क्रय मूल्य है :

(A) ₹ 3,500 (B) ₹ 3,750
(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 4,250

## कोण के प्रकार और इसके सरल अनुप्रयोग

55. दी गई आकृति में, कौन-कौन से कोण समकोण से बड़े हैं?




(A) केवल 2 और 3 (B) केवल 3, 4 और 5
(C) केवल 4, 5 और 6 (D) केवल 2, 3, 4 और 5

56. दिशाओं उत्तर-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व के मध्य बने कोण की माप है–


(A) 180° (B) 90°
(C) 270° (D) 45°

## परिधि और क्षेत्रफल–बहुभुज की परिधि, वर्गाकार आयत का क्षेत्रफल और त्रिभुज (आयत के एक भाग के रूप में)

57. एक कमरे के फर्श की चौड़ाई 9 मी है। फर्श को ढकने के लिए 15 सेमी × 12 सेमी की 7,5000 टाइलों की आवश्यकता होती है। कमरे के फर्श की लंबाई (मीटर में) है–

(A) 9 (B) 10
(C) 12 (D) 15

58. आयत ABCD का परिमाप है–





(A) 7 मी. (B) 14 मी.
(C) 19 मी. (D) 24 मी.

59. एक आयताकार आँगन जिसकी लम्बाई 25 मी है, में 11,250 वर्गाकार टाइलें जिनकी प्रत्येक भुजा 20 सेमी है, लगाई गई हैं। आँगन का परिमाप है–

(A) 18 मी. (B) 43 मी.
(C) 86 मी. (D) 172 मी.

## बार डायग्राम, ग्राफ और लाइन चार्ट का उपयोग करके डेटा विश्लेषण

60. दंड ग्राफ बेची गई कारों की संख्या दर्शाता है।




दिए गए दंड ग्राफ से, जनवरी, मार्च तथा मई में बेची गई क़ारों की कुल संख्या है–

(A) 35,000 (B) 40,000
(C) 45,000 (D) 50,000

## खण्ड-III
## भाषा परीक्षण

### अपठित गद्यांश

**निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 80 तक)**

इस खण्ड में चार अनुच्छेद हैं। प्रत्येक अनुच्छेद पर पाँच प्रश्न हैं। प्रत्येक अनुच्छेद को सावधानी से पढ़ें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर दिए गए हैं। जिनकी क्रम संख्या (A), (B), (C) और (D) है। इनमें से केवल एक उत्तर ही सही है। सही उत्तर चुनें।

### अनुच्छेद–1

कचरा पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा संकट है। इससे बीमारियाँ पैदा होती हैं। फेंके जाने वाले कूड़े में बहुत-सी ऐसी वस्तुएँ होती हैं, जिनका पुनःचक्रण हो सकता है और फिर से काम में लाई जा सकती हैं; जैसे—कागज, धातुएँ, काँच जिन्हें निकटतम पुनःचक्रण केंद्र भेजा जा सकता है या कबाड़ी को दिया जा सकता है। इसमें जैविक पदार्थ भी होते हैं; जैसे पत्तियाँ, जो मिट्टी का उपजाऊपन बढ़ा सकती हैं। किसी सुविधाजनक स्थान पर कंपोस्ट का गड्ढा बनाकर वहाँ बीच-बीच में मिट्टी की परतें और पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए। इससे वह आसानी से सड़ जाएगा और मूल्यवान उर्वरक बन जाएगा। इससे उस प्रदूषण को भी रोका जा सकेगा, जो प्रायः ऐसे जैविक कचरे को जलाने से होता है।

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'संकट' का समानार्थी है?

(A) कूड़ा (B) खतरा
(C) कचरा (D) निपटाना

**62.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का पुनःचक्रण नहीं हो सकता?

(A) कागज (B) काँच
(C) धातु (D) प्लास्टिक

**63.** निम्नलिखित में से कौन-सा कंपोस्ट का गड्ढा बनाने का लाभ नहीं है?

(A) इससे प्रदूषण रुकता है।
(B) कंपोस्ट गड्ढे में पत्तियाँ मिट्टी को उपजाऊ बना सकती हैं।
(C) इससे हमारे आस-पास सुंदरता बढ़ती है।
(D) इससे मूल्यवान उर्वरक बनता है।

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'मूल्यवान' का विपरीतार्थक है?

(A) संपन्न (B) व्यर्थ
(C) जैविक (D) निपटाया गया

**65.** पुनःचक्रण केंद्र में निपटाई गई सामग्री का क्या होता है?

(A) इसे फेंक दिया जाता है।
(B) इसे पुनःप्रयोग के लिए तैयार किया जाता है।
(C) इसे कूड़ा उठाने वालों को बेच दिया जाता है।
(D) इसे जमीन में गाड़ दिया जाता है।

### अनुच्छेद–2

चिड़ियाँ हमारे पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती हैं तथा हमारी भोजन शृंखला का आवश्यक भाग हैं। वह प्रकृति के पूर्ण संतुलन को बनाए रखने में सहायता करती हैं। उदाहरण के लिए, वनों में कुछ चिड़ियाँ पौधों से भोजन प्राप्त करती हैं; जबकि अन्य छोटे कीड़ों और केंचुओं को खाकर जीवित रहती हैं। चिड़ियाँ और चिड़ियों के अंडे बदले में लोमड़ी और साँप जैसे बड़े जानवरों के भोजन का आधार बनते हैं। भोजन की ऐसी आदतें और संबंध किसी भी प्रजाति को बहुत बड़ा होने से रोकती हैं।

भोजन की शृंखला का हिस्सा होने के साथ-साथ चिड़ियाँ अन्य महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाती हैं। कीड़ों को खाकर वे पीड़कों से पौधों की रक्षा करती हैं। मकरंद खाने वाली कुछ चिड़ियाँ परागणकर्ता (पोलीनेटर्स) कहलाती हैं, क्योंकि मकरंद पीने के लिए जब वे फूल पर बैठती हैं, तो कुछ पराग उनके शरीर पर चिपक जाता है और जब वे दूसरे फूल पर बैठती हैं, तो वहाँ गिर जाता है। इस तरह वे नए पौधों का सृजन करने में सहायता करती हैं।

**66.** निम्नलिखित में से भोजन शृंखला का उचित क्रम क्या है?

(A) चिड़ियाँ — कीड़े और केंचुए — लोमड़ी और साँप — चिड़िया के अंडे
(B) चिड़िया के अंडे — चिड़ियाँ — छोटे कीड़े और केंचुए — लोमड़ी और साँप
(C) कीड़े और केंचुए — लोमड़ी और साँप — चिड़िया के अंडे — चिड़ियाँ
(D) कीड़े और केंचुए — चिड़ियाँ — चिड़िया के अंडे — लोमड़ी और साँप

**67.** पौधों और अन्य कीड़ों या जानवरों को खाकर चिड़ियाँ ________ बनाए रखने में सहायता करती हैं।

(A) पारिस्थितिकी संतुलन (B) भोजन शृंखला
(C) वन (D) संबंध

**68.** अनुच्छेद में ____________ को 'परागणकर्ता' (पोलीनेटर्स) के रूप में उल्लेख किया गया है।

(A) कीड़ों (B) फूल
(C) चिड़ियों (D) साँप

**69.** अनुच्छेद में प्रयुक्त किस शब्द-युग्म का समान अर्थ है?

(A) आवश्यक/महत्वपूर्ण (B) आवश्यक/पूर्ण
(C) महत्वपूर्ण/संतुलन (D) महत्वपूर्ण/अनेक

**70.** चिड़ियाँ ______ को छोड़कर निम्नलिखित में से सभी में सहायता करती हैं।

(A) पारिस्थितिकी में संतुलन बनाए रखने
(B) पीड़कों से पौधों की रक्षा करने
(C) पराग फैलाने में सहायता करने
(D) शहद बनाने में मदद करने

### अनुच्छेद–3

खानाबदोश लोगों का ऐसा समूह है, जो अपने घरों को गिराकर दूसरे नए स्थानों पर हर साल चले जाते हैं। अधिकांश खानाबदोशों के समूह रेगिस्तान में अपने घर बना लेते हैं। जहाँ जल के स्रोत कुछ समय के बाद सूख जाते

हैं। वे अस्थायी टेंट बनाकर रहते हैं, जो मजबूत होते हैं फिर भी आसानी से अलग किए जा सकते हैं। जब चलने का समय आता है, तो वे अपने सभी सामानों को ऊँटों पर रख लेते हैं और नए स्थान की तलाश में निकल जाते हैं।

वे लंबे-चौड़े रेगिस्तान में रास्ता खोज लेते हैं, रात में तारों और ग्रहों की सहायता से और दिन में पैरों के निशान देखकर।

आदिम जीवन शैली होने के बावजूद इनके समुदायों में अधिक्रमिक वर्ग संरचना विद्यमान है। ऊँट संपन्नता का प्रतीक माने जाते हैं। अधिक्रमिक संरचना का आधार यह होता है कि किसके पास ऊँटों की संख्या कितनी है।

ऐसा लग सकता है कि खानाबदोशों का जीवन शहर के जीवन की जटिलताओं से रहित है। लेकिन वे अपने जीवन में अनेक समस्याओं से घिरे होते हैं।

**71.** खानाबदोश नए स्थान पर क्यों चले जाते हैं?

(A) उन्हें यात्रा करना पसंद है।

(B) वे टेंटों में रहते हैं, जिन्हें आसानी से समेटा जा सकता है।

(C) वे प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर करते हैं, जो शीघ्र समाप्त हो जाते हैं।

(D) उनके ऊँटों को चलने की आदत होती है।

**72.** कौन-सा विशेषण खानाबदोशों के घरों की ठीक से व्याख्या कर सकता है?

(A) अस्थायी (B) टेंट

(C) मजबूत (D) बालुई

**73.** अधिक्रमिक वर्ग संरचना ____________ पर आधारित है।

(A) परिवार के आकार (B) टेंटों की संख्या

(C) ऊँटों की संख्या (D) कार्य की मात्रा

**74.** किसी विशिष्ट दिशा का पता लगाने के लिए खानाबदोशों को किससे सहायता मिलती है?

(A) नक्शे (B) ऊँट

(C) जनजाति के वृद्ध व्यक्ति (D) तारे और ग्रह

**75.** 'घिरे होना' शब्द का अभिप्राय है—

(A) द्वारा प्रभावित (B) के साथ जुड़ी

(C) हल की हुई (D) खतरे वाली

## अनुच्छेद–4

कुत्ते बहुत समझदार पशु हैं। उनकी सूँघने की शक्ति मनुष्यों से कई गुना अधिक होती है। वे किसी सूँघी हुई वस्तु को दोबारा सूँघने पर आसानी से पहचान सकते हैं। सूँघने की अच्छी शक्ति के कारण कुत्तों का उपयोग विस्फोटकों का पता लगाने में भी किया जाता है। उनकी सुनने की शक्ति मनुष्यों से पाँच गुना अधिक होती है। कुत्ते जब जन्म लेते हैं, तो वे बहरे, अंधे और दंतहीन होते हैं। उन्हें समूहों में रहना प्रिय है, किंतु कुछ अकेले रहना पसंद करते हैं। अलास्कन मालाम्यूट नामक प्रजाति में –70 डिग्री तापमान को भी सहन करने की शक्ति होती है।

सचमुच, यदि कुत्तों की देखभाल ठीक होगी और उनका सम्मान किया जाएगा, तो वे अविश्वसनीय रूप से प्यारे, चंचल और बुद्धिमान साथी हो सकते हैं।

**76.** बम-निरोधक दस्ते कुत्तों का उपयोग करते हैं, क्योंकि __________।

(A) उनकी सुनने की शक्ति अच्छी होती है।

(B) अपनी सूँघने की क्षमता से वे विस्फोटकों का पता लगा सकते हैं।

(C) वे अच्छे मित्र होते हैं।

(D) वे निष्ठावान और विश्वसनीय होते हैं।

**77.** 'अलास्कन मालाम्यूट' चरम शीत वाली जलवायु में रह सकते हैं, क्योंकि ____________।

(A) उन्हें बहुत देखभाल चाहिए होती है

(B) वे गर्म और आर्द्र जलवायु को सह सकते हैं

(C) वे –70 डिग्री तक के तापमान को सह सकते हैं

(D) वे बहरे, अंधे और दंतहीन होते हैं

**78.** कुत्तों के साथ भी सम्मान से व्यवहार किया जाना चाहिए, क्योंकि _____।

(A) वे जीवधारी हैं

(B) वे बोल नहीं सकते और बहरे होते हैं

(C) वे मनुष्यों के निष्ठावान सेवक हो सकते हैं

(D) वे मनुष्यों के विश्वसनीय साथी हो सकते हैं

**79.** 'विश्वसनीय' का विलोम है ___________।

(A) निष्ठावान (B) बिना झिझक

(C) अविश्वस्त (D) समर्पित

**80.** 'अविश्वसनीय' का सबसे उपयुक्त अर्थ है __________।

(A) विश्वास करना असंभव (B) होने की संभावना

(C) विश्वास के योग्य (D) सुनने में असमर्थ